Chapter – 10

Free E-Mail Services (नि:शुल्क ई-मेल सेवायें)

What is E-Mail (ई मेल क्या हैं)

इलैक्ट्रानिक मेल या संक्षेप मे ई-मेल इंटरनेट की सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली सेवा है। इलैक्ट्रानिक मेल एक ऐसा इलैक्ट्रानिक संदेश होता है, जो किसी नेटर्वक से जुडे विभिन्न कम्प्यूटरो के बीच भेजा व प्राप्त किया जाता है। ई-मेल का उपयोग व्यक्तियो या व्यक्तियो के समूहो के बीच जो भौगोलिक रूप से हजारो मील दूर भी हो सकता है। लिखित संदेश भेजने मे किया जाता है। ई-मेल को मेल सर्वर के माध्यम से भेजा जाता और प्राप्त किया जाता है। कोई मेल सर्वर ऐसा कम्प्यूटर होता है। जिसका कार्य ई-मेलो को प्रोसेस करना और उचित क्लाइंट कम्प्यूटरो को भेजना होता है।

वेब पते की तरह हमारे ई-मेल पते भी होते है, जिस पर ई-मेल भेजी जाती है। ब्राउजर प्रोग्राम की तरह ई-मेल भेजने और प्राप्त करने के लिये विशेष ई-मेल प्रोग्राम या साॅफ्टवेयर होते है जैसे माइक्रोसाॅफ्ट आउटलुक तथा आउटलुक एक्सप्रेस आदि। और हम कुछ वेबसाइट की सहायता से भी अपना ई-मेल भेज तथा प्राप्त कर सकते है।

Free E-Mail Services (नि:शुल्क ई-मेल सेवायें)

नि:शुल्क ई-मेल सेवायें वह सेवायें होती हैं जो कि हमें इंटरनेट पर बिना किसी कीमत के प्राप्त होती हैं, अर्थात् इन सेवाओं के लिये हमें कोई शुल्क प्रदान करने की आवश्यकता नहीं होती हैं। आजकल इंटरनेट पर काफी संख्या में ऐसी वेबसाइटें उपलब्ध हैं जो इंटरनेट यूजर को नि:शुल्क E-Mail सेवायें उपलब्ध कराती हैं।

यद्यपी इंटरनेट पर ऐसी वेबसाइटें भी उपलब्ध हैं जो E-Mail सेवायें प्रदान करने के लिये शुल्क भी लेती हैं। Free ई-मेल सेवायें प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य इंटरनेट को लोकप्रिय बनाना हैं तथा इंटरनेट यूजर को अधिक से अधिक सेवायें तथा जानकारी प्रदान करना हैं। प्रमुख रूप से निम्नलिखित वेबसाइटें हैं जो Free ई-मेल सुविधायें उपलब्ध कराती हैं-

- yahoo.com
- rediffmail.com
- indiatimes.com
- notmail.com
- sify.com
- gmail.com
- orkut.com
- aol.com
- yandex.com

- zoho.com